पंजाब केसरी 13/12/2024

एन.लिस्ट के उपयोग पर आधारित कार्यशाला आयोजित

अम्बाला (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में लाइब्रेरी विभाग द्वारा वीरवार को लाइब्रेरी के ई-रिसोर्सेज के बारे में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एन.लिस्ट कन्सोर्टियम के उपयोग पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

लाइब्रेरी विभाग के अध्यक्ष डा. दीपक कुमार ने एन.लिस्ट कन्सोर्टियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एन.लिस्ट के अंतर्गत लगभग 6200 से ज्यादा ई-जर्नल्स एवं 2 लाख से ज़्यादा ई-बुक्स उपलब्ध हैं, जिनका प्रयोग रिसर्च एवं शिक्षण में किया जा सकता है। कार्यक्रम में कॉलेज के शैक्षणिक विभाग के लगभग 60 सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि एन.लिस्ट ई-संसाधन उपलब्ध कराने का एक अभूतपूर्व माध्यम है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन लाइब्रेरी से जुड़ने में मदद करना है। यह पोर्टल शिक्षकों के लिए 24 घंटे और कहीं से भी प्रयोग करने के लिए उपलब्ध है। अंत में सभी शिक्षकों के एन.लिस्ट से संबंधित प्रश्नों का हल किया गया एवं सभी उपस्थित गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जी.एम.एन. कॉलेज में एन.लिस्ट के उपयोग पर कार्यशाला को संबोधित करते लाइब्रेरी विभाग के अध्यक्ष डा. दीपक कुमार। (देवदत्त)